मेवाड़ विश्वविद्यालय में दस दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आगाज़

▪दास्ताने भीलवाड़ा @ (अमित कुमार चेचानी)

चित्तौड़गढ़। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के नियमों, पाठ्यक्रम, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियों की जानकारी देने हेतु मेवाड़ विश्वविद्यालय में दस दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आगाज़ सोमवार से किया गया। जो 16 नवम्बर को समाप्त होगा। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी 'आगाज़' का आयोजन 17 नवम्बर को किया जाएगा। अकादमिक निदेशक ध्वजकीर्ति शर्मा ने बताया कि इस दस दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन सुबह योगा कार्यक्रम से होगी। इस कार्यक्रम में योग विभागाध्यक्षा सुरभि शर्मा और योगा ट्रेनर बप्पा विश्वास नवप्रवेशी विद्यार्थियों को योगासन करवाएंगे। पहले दिन के कार्यक्रम में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट निदेशक हरीश गुरनानी ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट गतिविधियों की जानकारी के साथ-साथ विश्वविद्यालय की सुविधाओं, नियमों आदि की भी जानकारी मिलती है। अकादमिक निदेशक डीके शर्मा ने कोड आफ कंडक्ट, उप कुलसचिव दीप्ति शास्त्री ने विश्वविद्यालय की प्रोफाइल, लेफ्टिनेंट ताबिश अली खान ने स्टूडेंट्स ग्रीवांस, चीफप्रॉक्टर डॉ0 गौरव शर्मा ने विश्वविद्यालयीय अनुशासन, बी. एल. पाल ने विश्वविद्यालय की आईटी सुविधाओं और जितेंद्र वासवानी ने स्टूडेंट्स-पैरेंट्स के फीडबैक के महत्व की जानकारी दी।

योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है- प्रो.(डॉ) चित्रलेखा सिंह

इस दस दिवसीय ओरिएंटेशन कार्य म में नौ दिवसीय योग कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। फाइन आर्ट, योग और ज्योतिष की संकायाध्यक्षा प्रो.(डॉ) चित्रलेखा सिंह ने बताया कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और कार्रवाई, संयम और पूर्ति; मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करने का सरल माध्यम है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस नौ दिवसीय वर्कशॉप में जो भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी या अधिकारी भाग लेंगे उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। नौ दिवसीय इस आयोजन में योग की विभिन्न ि याओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस ओरिएंटेशन कार्य म व योग कार्यशाला के पहले दिन विश्वविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों व पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह आयोजन 16 नवंबर 2022 तक चलेगा।

मेवाड़ विवि में दस दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

गंगरार, 7 नवम्बर (जसं.) । नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के नियमों, पाठ्यक्रम, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियों की जानकारी देने के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय में दस दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम का समापन 16 को तथा फ्रेशर्स पार्टी 'आगाज-2022' का आयोजन 17 नवम्बर को किया जाएगा।

अकादमिक निदेशक ध्वजकीर्ति शर्मा ने बताया कि इस दस दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन सुबह योगा से होगी। कार्यक्रम में योग विभागाध्यक्षा सुरभि शर्मा और योगा ट्रेनर बप्पा विश्वास नवप्रवेशी विद्यार्थियों को योगासन करवाएंगे। कार्यक्रम के पहले दिन के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट

निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया कि इस कार्यक्रम से विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट गतिविधियों की जानकारी के साथ-साथ विश्वविद्यालय की सुविधाओं, नियमों आदि की भी जानकारी मिलती है। अकादमिक निदेशक डीके शर्मा ने कोड ऑफ कंडक्ट, उप कुलसचिव दीप्ति शास्त्री ने विश्वविद्यालय की प्रोफाइल, लेफ्टिनेंट ताबिश अली खान ने स्टूडेंट्स ग्रीवांस, चीफ प्रॉक्टर डॉ. गौरव शर्मा ने विश्वविद्यालयीय अनुशासन, बीएल पाल ने विश्वविद्यालय की आईटी सुविधाओं और जितेंद्र वासवानी ने स्टूडेंट्स-पैरेंट्स के फीडबैक के महत्व की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में नौ दिवसीय योग कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। फाइन आर्ट, योग और ज्योतिष की संकायाध्यक्षा प्रो. (डॉ) चित्रलेखा सिंह ने बताया कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और कार्रवाई, संयम और पूर्तिय मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करने का सरल माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस नौ दिवसीय वर्कशॉप में जो भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी या अधिकारी भाग लेंगे उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान करने के साथ ही योग की विभिन्न क्रियाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम व योग कार्यशाला के पहले दिन विश्वविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों व पदाधिकारियों ने भाग लिया।

Jannayak 08-11-2022